घंटों शहर में रेंगते रहे वाहन और जनता, इसके बावजूद जिम्मेदार मौन

ओव्हरब्रिज के नीचे सिविल लाइन की ओर मार्ग पर प्रदर्शन से लड़खड़ाई शहर की यातायात व्यवस्था

नवभारत न्यूज

सतना, 27 दिसम्बर. एक बार फिर ओव्हरब्रिज के नीचे लगे जाम के कारण पूरे शहर की यातायात व्यवस्था न सिर्फ लड़खड़ा गई बल्कि सड़कों पर मौजूद लोग घंटों रेंगते रहे. इस दौरान लोगों की मदद के लिए व्यवस्था के नाम पर कहीं कोई नजर नहीं आया.

गौरतलब है कि पुराने पोलिटेक्निक भवन के सामने राष्ट्रीय राज मार्ग 75 में ब्रिज के ठीक नीचे आंदोलनकारियों ने कार्रवाई मांग को लेकर सड़क पर ही प्रदर्शन शुरू कर दिया. दोपहर 3 बजे के आसपास शुरू हुआ यह प्रदर्शन बताया जाता है कि शाम साढ़े 6 बजे तक अनवरत चलता रहा. इस दौरान व्यवस्था से जुड़े किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने अनशनकारियों को सड़क से हटाने की कोशिश नहीं की. टूवे मार्ग के एक हिस्से में हो रहे प्रदर्शन की वजह से धीरे धीरे लोग एक ही रास्ते से आने जाने लगे और कुछ ही देर में ओव्हरब्रिज के नीचे सिविल लाइन की ओर और इधर सर्किट हाउस के नीचे तक ऐसा जाम लगा कि लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया. इस जाम का परिणाम यह हुआ कि लोगों ने जिस रास्ते को अपने गंतव्य तक पहुंचे के लिए उर्पयुक्त माना उसी पर अचानक चार पहिया दो पहिया आटो ई रिक्शा का बोझ इतना बढ़ गया कि कहीं से भी निकलने की कोई गुंजाइस नहीं रही. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्टेशन रोड की यह स्थिति हो गई कि समय पर रेलवे स्टेशन पहुंचने वालों ने अपने वाहन को बीच रास्ते में छोड़कर भागकर ट्रेनें पकड़ी.शाम को लगे घंटों एक ही स्थान पर खड़े रहे. कुछ के परिजन मदद के लिए घर से सड़क तक आए भी पर वहां तक नहीं पहुंच पाये जहां वे बच्चे रास्ते के लिए इंतजार कर रहे थे. घटों रेंगे शहर के यातायात ने एक बार फिर व्यवस्था पर प्रश्नचन्हि खड़ा कर दिया है.

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी ओव्हरब्रिज के ऊपर पुलिस वाहन बिगड़ जाने से इस प्रकार की स्थिति वन चुकी है. इसके बावजूद जिम्मेदार अमला इस प्रकार के घटना ग्रम को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा इस जाम की वजह से कोचिंग और ट्यूशन से लौटने वाले बच्चे-बच्चियां भी अपने दो पहिया वाहन के साथ हैरात परेशान सड़क खुलने के इंतजार में और शहर की जनता वेवजह परेशान होती है. इस मामले में यातायात व्यवस्था से जुड़े लोगों से पक्ष लेने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने अपनी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी.

अटरा में खूनी संघर्ष, मौत के बाद बवाल

नागौद थाना अंतर्गत हुई वारदात, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया

नवभारत न्यूज

सतना, 27 दिसम्बर. जिले के नागौद थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने सतना के सिविल लाइंस क्षेत्र में ओवर ब्रिज के पास लाश रखकर प्रदर्शन किया। इस वजह से इस मार्ग का यातायात अवरुद्ध हो गया, जिसका प्रभाव शहर के दूसरे मार्गों पर भी पड़ा। शनिवार की दोपहर करीब 3.00 से प्रदर्शन शुरू हुआ था जो शाम करीब 6.00 बजे तक चलता रहा।

प्रदर्शनकारी हत्या के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। कानून व्यवस्था के लिहाज से एसडीएम राहुल सिलाड़िया एवं नगर पुलिस अधीक्षक डीप सिंह चौहान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। जब तक प्रदर्शन समाप्त नहीं हुआ तब तक कोलगवां, सिटी और सिविल लाइंस टीआई सुदीप सोनी रावेंद्र द्विवेदी एवं योगेंद्र सिंह सहित रक्षित निरीक्षक देविका सिंह एवं यातायात थाना प्रभारी पंकज शुक्ला अपनी टीम के साथ यहां डटे रहे। इन्होंने समझाइश देकर प्रदर्शन समाप्त कराते हुए यातायात को बहाल किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले के नागौद थाना की पोंडी चौकी के अंतर्गत आने वाले गांव अटरा में शुक्रवार की रात मारपीट की घटना हुई थी। कातिलाना हमले में 45 वर्षीय द्वारिका सिंह पिता गिरिजा सिंह की मौत हो गई थी जबकि वीरेंद्र सिंह नत्थू सिंह राहुल शंखू एवं प्रह्लाद आदि लोग घायल हो गए थे। यहां द्वारिका सिंह का शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन करते हुए आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलना चाहिए और इन्हें फांसी पर लटकाना चाहिए

मृतक के छोटे भाई दिनेश सिंह ने बताया कि घटना की असली वजह चुनावी रंजिश है। उन्होंने बताया कि पिछले सरपंच के चुनाव मैदान में द्वारिका भी थे। तब से आरोपी पंकज सिंह और उनके परिजन रंजिश मानते हैं। किसी न किसी बात पर विवाद करते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंकज सिंह के खिलाफ बीते महीनों में कई बार पुलिस से शिकायत की गई लेकिन उनके रसूख के आगे पुलिस भी हाथ पर हाथ धरे बैठी रही जिससे आरोपियों का हौसला बढ़ता गया और उन्होंने शुक्रवार की रात बड़ा कांड कर दिया।

बताया गया कि हमले में लाठी और लोहे की रॉड के अलावा धारदार हथियार का इस्तेमाल किया गया। इतना ही नहीं वीरेंद्र सिंह को ट्रैक्टर से कुचल कर जान से मारने की कोशिश की गई। नत्थू सिंह पर कुल्हाड़ी से वार किया गया। हमले में द्वारिका की मौत हो गई, बाकी घायलों की हालत ठीक नहीं है। सभी का इलाज जारी है।

मुख्यमंत्री ने दी 652 करोड़ 54 लाख की सौगात

नवभारत न्यूज

सतना 27 दिसम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतना जिले के एक दिवसीय प्रवास पर 27 दिसम्बर को सतना आकर यहां आयोजित अनेक कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव सतना शहर को 652 करोड 54 लाख रूपये लागत के विकास कार्यो की सौगात दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 31.15 करोड रूपये की लागत से नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल सतना और 8.39 करोड रूपये लागत के धवारी क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण किया। आई.एस.बी.टी. सतना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतना शहर के 168 लाख 33 हजार रूपये लागत के 6 कार्यो का लोकार्पण और 484 करोड 21 लाख रूपये लागत के 6 विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने सतना मेडीकल कॉलेज परिसर में 383.22 करोड रूपये की लागत से 650 बिस्तर नवीन चिकित्सालय भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। इसकी लागत 32.54 करोड रूपये है। मुख्यमंत्री ने आईएसबीटी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से जिला अस्पताल परिसर में 32.54 करोड रूपये की लागत से बनने वाले 100 बिस्तरीय नवीन वार्ड तथा 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लाक निर्माण का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 6.16 करोड रूपये की लागत के 100 सीटर श्रमिक विश्राम गृह का भी शिलान्यास किया तथा नगर निगम सतना अंतर्गत 41 करोड 37 लाख रूपये लागत के अमृत 2.0 जल प्रदाय घटक अंतर्गत फिल्टर प्लांट एनीकेट और पाइप लाइन बिछाई जाने के कार्य, 15 करोड 3 लाख रूपये लागत से सीवरेज घटक अमृत 2.0 के तहज जोन श्री में आईपीएस एवं पाइपलाइन बिछाने का कार्य, 5 करोड 87 लाख रूपये की लागत से नगर निगम के वार्ड क्रमांक 1 से 45 तक के रोड रेस्टोरेशन के कार्य का भूमिपूजन किया।

भाजपा जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री ने ली प्रबंध समिति की बैठक

जिले के विकास, सत्ता और संगठन के समन्वय को लेकर हुई विस्तृत चर्चा, कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मंथन

नवभारत न्यूज

सतना, 27 दिसम्बर. भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को प्रबंध समिति की एक महत्वपूर्ण और व्यापक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी बैठक में शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के समग्र विकास, सत्ता और संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा जनहित से जुड़े विषयों पर ठोस निर्णय लेना रहा। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष सतना जिले से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दे रखे। उन्होंने शहर में नया कॉलेज खोलने, गर्ल्स कॉलेज में पदों का पदांकन, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज से जुड़े शैक्षणिक विषयों, भाजपा जिला कार्यालय के लिए भूमि आवंटन, तथा शहर में नए फ्लाईओवर के निर्माण जैसे अहम प्रस्तावों पर चर्चा की।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आश्वासन देते हुए कहा कि शिक्षा, अधोसंरचना और संगठनात्मक मजबूती सरकार की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और संगठन के माध्यम से आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।बैठक में राज्य सरकार की मंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, विनोद यादव सहित जिला महामंत्री ऋषभ सिंह, रमाकांत गौतम, सरोज गुर्जर एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा सतना जिले के विकास को नई दिशा देने पर सभी ने एकमत से सहमति व्यक्त की।

आम आदमी पार्टी के युवा नेताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

लोकतांत्रिक आवाज दबाने का आरोप

नवभारत न्यूज

सतना, 27 दिसम्बर. जिले में जनसमस्याओं को लेकर आवाज उठाने पर आम आदमी पार्टी के युवा नेताओं को पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किए जाने का मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आम आदमी पार्टी यूथ विंग के जिला अध्यक्ष हर्ष बागरी एवं यूथ प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत श्रीवास्तव को पुलिस ने उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया। बताया जा रहा है कि आम आदमी पार्टी द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, बढ़ते अपराध, नशाखोरी, किसानों के मुआवजे एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपने और शांतिपूर्ण प्रदर्शन की तैयारी की जा रही थी।

एक नजर में

विहिप, बजरंग दल ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

सतना। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से भाजपा कार्यालय में मिलकर जिले भर के हिंदुओं की धार्मिक समस्याओं का ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में सात बिंदुओं में बात रखी गई जिसमे मझगवां के छाखोरा में हिंदू की जमीन पर बने धर्मांतरण केंद्र मस्जिद को गिराने, कोटर तहसील के गौरैया में हिंदू श्मशान से अवैध कब्जा हटाने, सतना में अवैध मांस की दुकान न्यायालय के आदेश अनुसार हटाए जाने और बालकिशन वाटिका से अवैध कब्जा हटाने के साथ चित्रकूट में साधु संतों के अतिक्रमण हटाने पर उन्हें विश्वास में लेकर कार्यवाही की मांग रखी गई। ज्ञापन सौंपते समय विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विक्रम चौधरी, जिला मंत्री विपिन सिंह ,राजबहादुर मिश्रा, सचिन शुक्ला, अबीर द्विवेदी, आदर्श त्रिपाठी और पंकज तोमर उपस्थित रहे।

विश्वनाथ को मिला रीवा और शहडोल संभाग का प्रभार

सतना। भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय भोपाल के आदेश अनुसार विश्वनाथ मिश्र जिला संगठन आयुक्त सतना को प्रभारी सहायक राज्य संगठन आयुक्त रीवा एवं अतिरिक्त प्रभार भारत स्काउट एवं गाइड संभागीय मुख्यालय शहडोल का भी प्रभार प्राप्त हुआ है । श्री मिश्र को उक्त प्रभार प्राप्त होने पर रीवा एवं शहडोल संभाग के स्काउटर गाइडर एवं शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है।श्री मिश्रा शुरू से ही विनम्र व्यवहार कुशल रहे इस उपलब्धि का श्रेय श्री मिश्रा ने स्काउटर गाइडर एवं शुभचिंतकों को दिया और भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ सतना से प्राप्त स्नेह एवं प्रेम को सदा ही याद रखेंगे ऐसा उनके द्वारा कहा गया और सभी आभार व्यक्त किया।

लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी प्रसाद वितरित

सतना। लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा के तहत शनिवार को श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयरपर्सन आलोक त्रिपाठी, जोन चेयरपर्सन लायन धर्मेंद्र सेन, अशोक त्रिपाठी, कमल कांत पाण्डेय, स्वामीदीन शुक्ला, मिथलेश पाण्डेय, प्रकाश सेन ,सुकीर्त त्रिपाठी, सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी , मंदिर के पुजारी पं .जगन्नाथ महराज एवं साथी उपस्थित रहे ।

पेंशनर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे

नवभारत न्यूज

सतना, 27 दिसम्बर. मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ संयुक्त राज्य पेंशनर फेडरेशन मुख्यालय जबलपुर के निर्देश के अनुसार आगामी 29 दिसंबर सोमवार को दोपहर 3:00 बजे पेंशनरों की 9 सूत्री मांग का ज्ञापन जो मुख्यमंत्री जी को संबोधित है.

कलेक्टर महोदय को सौंपेंगे भारत पेंशनर समाज जिला सतना के अध्यक्ष हरिप्रकाश गोस्वामी सेक्रेटरी नरेंद्र तिवारी नगर अध्यक्ष इंजीनियर के एल रूसिया ने पेंशनर साथियों से अनुरोध किया है की 3:00 बजे के पूर्व पेंशनर कार्यालय में उपस्थित हो एवं रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन दे.

अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री को मांगों का सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सतना, 27 दिसम्बर. मुख्यमंत्री मोहन यादव के सतना प्रवास के दौरान जिला अधिवक्ता संघ सतना के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष बद्री विशाल पाठक के नेतृत्व में नवीन न्यायालय भवन के शीघ्र निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने बावत ज्ञापन सौंपा ।

ज्ञापन में मांग कि गई है कि म प्र उच्च न्यायालय से स्वीकृति प्राप्त हो गई है और विधि एवं विधाई कार्य विभाग भोपाल में फाइल वित्तीय स्वीकृति हेतु काफी समय से लंबित है जिसकी स्वीकृति दिलाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव को ज्ञापन दिया गया है जिसमें मुख्यमंत्री ने शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- सतना (म.प्र.)
क्रमांक/प्रवा./अपर कले./25 सतना दिनांक 25/11/2025

// सार्वजनिक सूचना //

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हर्षित सिंह पिता श्री कृष्ण प्रताप सिंह उम्र-21 वर्ष (03/02/2004), स्थिति- अविवाहित स्थायी निवासी-देवमउ दलदल थाना व तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना (म.प्र.) 485001 एवं आवेदिका तनु यादव पिता श्री दिवाकर यादव उम्र-22 वर्ष (04/04/2004) स्थिति-अविवाहित, स्थायी निवासी वार्ड नं.4 सरकारी विद्यालय के पास रहट थाना चोरहटा तहसील हूजूर जिला रीवा (म.प्र.) 486446 के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 21/11/2025 को प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 30/12/2025 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-सतना (म.प्र.)

औद्योगिक विकास के लिए 100 एकड़ पर बनाएंगे नया इंडस्ट्रियल पार्क : डॉ. यादव

विंध्य व्यापार मेले के आयोजन के लिए विंध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स को 8 एकड़ भूमि देने की घोषणा की

नवभारत न्यूज

सतना 27 दिसम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष, उद्योग, रक्षा सहित सभी क्षेत्रों में विश्व में अपना परचम लहरा रहा है। इसी क्रम में राज्य सरकार भी प्रदेश भर में उद्योग-व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने मध्यप्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव करने के निर्णय की सराहना की है। अब इन्हें जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा। पहले कटनी में माइनिंग सेक्टर पर केंद्रित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुई, अब सतना में एमएसएमई सेक्टर पर आधारित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी। मध्यप्रदेश सर्व सुविधा युक्त बनें, मध्यप्रदेश विकास की दौड़ में सबसे आगे रहे और युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए राज्य सरकार हर कदम पर उद्यमियों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सतना में विंध्य व्यापार मेले को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना, विंध्य क्षेत्र में व्यापार-व्यवसाय का बड़ा केंद्र है। विंध्य व्यापार मेले के सफल आयोजन के लिए सतनावासी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सतना में औद्योगिक विकास के लिए 100 एकड़ भूमि पर नया इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विंध्य व्यापार मेले के आयोजन के लिए विंध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स को 8 एकड़ भूमि देने एवं सतना में व्यापारिक गतिविधियों, सांस्कृतिक सम्मेलन आयोजित करने के लिए पीपीपी मोड पर गीता भवन बनाए जाने की घोषणा की। प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सतना को स्मार्ट सिटी के रूप में चयन कर सौगात दी है। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के नये आयाम गढ रहा है। सतना विकास के उस पथ पर शामिल हो गया है, जहां अंतरराज्यीय बस अड्डा भी उपलब्ध हो गया है। सतना के सांसद गणेश सिंह ने कहा कि विंध्य क्षेत्र में सतना जीएसटी कलेक्शन में अग्रणी जिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यकाल में मध्यप्रदेश में 30 लाख करोड़ का पूंजी निवेश आया है। जिनमें 8 लाख करोड के औद्योगिक पूंजी निवेश धरातल पर उतर गये हैं। विंध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने कहा कि सतना विंध्य की औद्योगिक एवं पवित्र नगरी है। विंध्य व्यापार मेला सन् 2000 से प्रति दो वर्ष के अंतराल पर आयोजित हो रहा है। विंध्य व्यापार मेले का यह 25वां वर्ष एवं 12वां संस्करण है। इसमें 8 राज्यों के लगभग 250 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं।